न्यायालय उप तहसीलदार हरसाणी, जिला बाड़मेर

प्रार्थी		विप्रार्थी
राजस्थान सरकार जरिये पटवारी हल्का **गिराब**	**बनाम**	श्री **बालसिंह** पुत्र **गुलाबसिंह** नि. **गंगापुरा** त. गडरारोड़

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 धारा 91 के अन्तर्गत प्रकरण संख्या **473**／2025

–:निर्णय:–

पत्रावली आज बमुकाम हरसाणी में पेश हुई। विप्रार्थी उपस्थित／अनुपस्थित। पटवारी हल्का गिराब उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार है कि पटवारी हल्का गिराब ने रिर्पोट प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि विप्रार्थी ने ग्राम **गंगापुरा** के खसरा नंम्बर **924** किस्म **बा.सो** में 1.1331 है. पर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण किया है। पटवारी हल्का गिराब की रिपोर्ट के अनुसार विप्रार्थी के विरूद्व भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत प्रकरण दर्ज कर विप्रार्थी को जरिये नोटिस के सुनवाई हेतु तलब किया गया।

अतः विप्रार्थी को भू राजस्व अधिनियम 1956 धारा 91 के तहत राजकीय भूमि पर अतिक्रमण करने पर अतिक्रमी घोशित किया जाता है। उक्त अतिक्रमित राजकीय भूमि से बेदखल करने के आदेश पारित किये जाते है। साथ ही विप्रार्थी पर राशि **7／–** अक्षरे **सात** रूपये का जुर्माना आरोपित किया जाता है। जो विप्रार्थी से वसुल किया जावे।

पटवारी हल्का गिराब को आदेशित किया जाता है कि गैरसायल को उक्त राजकीय भूमि में से भौतिक रूप से बेदखल कर राजकीय भूमि को कब्जा बहक सरकार प्राप्त कर पालना पेश करें। मांग कायमी हेतु तहसील राजस्व लेखाकार को लिखा जावें।

निर्णय आज दिनांक **19.11.2025** को खुले न्यायालय में सूनाया गया।

उपतहसीलदार, हरसाणी